बिहार लोक सेवा आयोग,
15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सुपरस्पेशलिटी विभाग के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक के विभिन्न संकायों के कुल 220 रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या–01/2024 से 17/2024 के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक 05.02.2024 से आयोजित किया जायेगा जिसका विस्तृत कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

2. विज्ञापन संख्या–01/2024 से 17/2024 के लिए ऑनलाईन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की पात्रता/अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। उम्मीदवारों को औपबंधिक रूप से मात्र इस विज्ञापन की साक्षात्कार में प्रवेश की अनुमति दी गई है। उनकी पात्रता/अभ्यर्थिता के संबंध में अंतिम निर्णय साक्षात्कार के समय या उसके उपरांत विज्ञापन में अंकित शर्त्तों के आलोक में उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में दावा/भरे गए तथ्यों की विधिवत जाँच/सत्यापन के पश्चात् किया जाएगा।

3. साक्षात्कार पत्र निर्गत होने और साक्षात्कार में शामिल होने मात्र से किसी भी उम्मीदवार की पात्रता/अभ्यर्थिता सम्पुष्ट नहीं होती है। उम्मीदवार द्वारा ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं उससे संबंधित कागजात में किसी भी प्रकार की भिन्नता रहने /पाये जाने या आयोग द्वारा किसी भी स्तर पर (साक्षात्कार के समय या उसके उपरांत) उनकी अभ्यर्थिता से संबंधित जाँच के क्रम में विज्ञापन की शर्त्तों को पूरा नहीं किए जाने/वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा एवं आयोग का उक्त निर्णय सर्वमान्य होगा।

4. उक्त विज्ञापनों के लिए साक्षात्कार पत्र (Interview Letter) साक्षात्कार के प्रारम्भ होने की तिथि के पूर्व से ही आयोग के वेबसाईट– www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध रहेंगे, जिसे उम्मीदवार अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर डालकर डाउनलोड कर साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते है। उम्मीदवारों को किसी भी स्थिति में डाक (By Post/E-mail) से प्रवेश पत्र (Admit Card) नहीं भेजे जाएगें।

नोटः–वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा दिनांक 31.01.2024 को प्रकाशित आवश्यक सूचना के आलोक में ऑनलाईन आवेदन को अंतिम रूप से दिनांक 01.02.2024 तक भरा जाएगा, वैसे आवेदकों का भी साक्षात्कार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराया जाएगा। वैसे आवेदकों की सूची बाद में प्रकाशित की जाएगी। अपरिहार्य कारणों से कतिपय विज्ञापनों के साक्षात्कार की तिथि में परिवर्त्तन हो सकता है।

ह०/- 31/1/24
परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना